# सिद्धार्थनगर पुलिस

**<u>प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

◆ **जनपदीय एसओजी/सर्विलांस थाना उसका बाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उसका बजार थानाक्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी के साथ हुई लूट की घटना का किया गया सफल अनावरण, लूट का सामान व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद।**

दिनांक **14.05.2025** की रात को उसका बाजार थाना क्षेत्र के स्वर्ण व्यापारी से सोने चांदी के जेवरात महदेवा गांव के पास लूट के सम्बन्ध में थाना उसका बाजार पर मु0अ0सं0 75/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के अनावरण हेतु विशेष पुलिस टीम (थाना उसका बाजार पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम) का गठन किया गया था । अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में गठित टीम द्वारा दिनांक 21/22**-04-2025** की रात्रि में पकड़ी चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि उक्त लूट में शामिल अभियुक्तगण सफेद रंग की स्वीफ्ट कार नंबर **PB**10 **JD**7373 द्वारा धानी से उसका बाजार होते हुये नौगढ़ की तरफ आ रहे है । इस सूचना पर विश्वास करके सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण अपनी गाड़ियो पर सवार होकर उसका बाजार की तरफ चल दिये कि महेन्द्रा एजेंसी से पहले बहद ग्राम दुमदुमवा मोड़ पकड़ी अर्ध निर्मित पुलिया के बगल से अस्थाई/ वैकल्पिक सड़क के किनारे अपनी अपनी गाड़ी खड़ी कर सड़क के दोनो तरफ खड़े होकर गाड़ी के आने के इन्तजार/चेकिंग करने लगे कि उसका बाजार की तरफ से एक कार आती हुयी दिखाई दिया । जिसपर हम पुलिस वाले एकबारगी सड़क पर आने वाली कार को रोकने का प्रयास किये तो कार चालक थोड़ी दूर ही गाड़ी को खड़ा कर दिया जिसमे से तीन व्यक्ति उतर कर अंधेरे का फायदा उठाकर इधर उधर भागने में सफल रहे । हम पुलिस वाले दौड़ कर गाड़ी के पास पहुचे गाड़ी को चारो तरफ से घेर लिये जिसमें एक ब्यक्ति और बैठा मिला जिसको पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति का

नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम साहिल भंगू पुत्र हरदीप सिंह भंगू निवासी एसटी नंबर 01 लोहरा ब्रिज मोहल्ला बेगुआना लोहोरा थाना ढाबा जनपद लुधियाना राज्य पंजाब बताया। पकड़े गये व्यक्ति से अन्य ब्यक्तियो के बारे में भागने का कारण पूछा गया तो बता रहा है कि साहब हम लोग दिनांक 14.05.2025 को एक व्यक्ति से सोने चांदी के जेवरात महदेवा गांव के पास लूट लिये थे। जिसके वजह से वह तीनो लोग आप लोगो को देखकर दूर से भाग गये चूकि मेरी गाड़ी टकरा गयी थी जिस कारण मेरा फाटक नही खुल रहा था इसलिये मै नही भाग सका और आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर एक अदद सोने की चैन, व एक अदद चांदी का ब्रासलेट व एक अदद चादी की अंगूठी व 2270 रुपये नकद बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317 बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**बरामदगी का विवरण-**

01-एक अदद सोने की चैन,

02-एक अदद चांदी का ब्रासलेट व

03-एक अदद चादी की अंगूठी व 2270 रुपये नगद।

04- स्वीफ्ट कार कार नंबर **PB**10 **JD**7373

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–**

01-साहिल भंगू पुत्र हरदीप सिंह भंगू निवासी एसटी नंबर **01** लोहरा ब्रिज मोहल्ला बेगुआना लोहोरा थाना ढाबा जनपद लुधियाना राज्य पंजाब।

**पूछ-ताछ का विवरण-**

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब मेरे साथी स्वर्ण व्यवसायी अनिल सोनी के बनाये गये योजना के अनुसार, अनिल सोनी, सागर व संदीप तथा मै मेरे ही स्वीफ्ट कार नंबर **PB**10 **JD**7373 से नेपाल घूमने के लिये दिनांक 13.05.2025 को लुधियाना से चले थे कि दिनांक 14.05.2025 को शाम नेपाल बार्डर कपिलवस्तु तक गये परन्तु रास्ते मे खाने पीने मे काफी पैसा खर्च हो गया था। फिर हम लोग शाम होने के

उपरान्त वापस नौगढ चले आये  तथा सोने चांदी के दुकानो के आस पास रैकी करने लगे तथा अनिल गाड़ी में ही बैठा रहा । सत्यम ज्वैलर्स के दुकान से एक व्यक्ति माल लेकर मोटरसाईकिल से जाने लगा। जिसका हम लोग पीछा करने लगे। रास्ते मे जब सुनसान जगह तथा अंधेरा देखा तो उसका फायदा उठाकर हम लोगो ने उसके बाईक पर ठोकर मार दिया तथा जब वह बाईक से गिर गया तो उसके ऊपर डंडे से प्रहार करके उसके बाईक मे से टंगा हुआ झोला लेकर हम लोग भाग गये तथा सीधे उसी रात को ही हम लोग  लुधियाना के लिये निकल दिये। रास्ते मे इटावा मे हम लोग नास्ता पानी किये हम लोग अनिल सोनी के बताये योजना  के अनुसार मिलकर दूर दराज जाकर ऐसा अपराध करते है तथा इस प्रकार अपराध करने पर जो धन प्राप्त होता है उसका खर्च अपने ऐसो आराम व भौतिक सुख में खर्च  करते है उसी क्रम में फिर हम लोगो ने प्लानिंग बनाकर अपनी गाड़ी से पुनः किसी लूट को अंजाम देने के लिये यहां आकर रैकी किये है। लेकिंन आज कोई व्यापारी नही मिला। हम लोग नौगढ़ रूकने के लिये वापस जा रहे थे कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया तथा मेरे तीनो साथी भाग गये।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.** हरेकृष्ण उपाध्याय**,** प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
**02.**उ**0**नि**0** हरिओम कुशवाहा  एसओजी प्रभारी जनपद सिद्धार्थनगर।
3.उ0नि0 अशोक कुमार पाल थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
4.हे0का0अनिल चौहान थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
5.. हे0का0आशुतोष दूबे एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।
6.. का0 वीरेन्द्र त्रिपाठी एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।
7. हे0का0 राजीव कुमार एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।
8. का0 छविराज एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।
9. का0रोहित कुमार एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।
10. का0 कमलेश यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
11. का0 अजय यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर नेतृत्व में आज दिनांक 22.05.2025 को थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा वाद सं0 1572/2020 धारा 420 भा0द0वि0 से संबन्धित एक नफर वारण्टी को ग्राम करौदा मसिना से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-**

**01.रामशब्द पुत्र दशरथ निवासी करौदा मसिना थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 गणेश दत्त मिश्र थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.का0 विरेन्द्र यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना कोतवाली बांसी पुलिस द्वारा 06 नफर वारण्टीयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन में संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में आज दिनांक 22.05.2025 को थाना बांसी पुलिस द्वारा वाद संख्या 3047/2024 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भा0द0वि0 व 3/9 उ0प्र0 परीक्षी नकल विरोधी अधिनियम से संबन्धित अभयानन्द कुशवाहा, वाद संख्या 4341/2024 धारा 60(1) आ0अधिनियम से संबन्धित सुनील, वाद संख्या 6619/2024 धारा 420 भा0द0वि0 व 66, 65 कापीराइट अधिनियन से संबन्धित पिंकू अग्रहरी, वाद संख्या 1523/2018 धारा 427, 504 भा0द0वि0 से संबन्धित समीर पाण्डेय, वाद संख्या 232/2012 धारा 323, 504, 506 भा0द0वि0 से संबन्धित धनीराम, वाद संख्या-512/2015 धारा323, 504 भा0द0वि0 से संबन्धित राजेन्द्र हरिजन, वारण्टीयों को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारंटीगण का विवरण-**

**01.अभयानन्द कुशवाहा पुत्र ब्रम्हा कुशवाहा निवासी रामपुर लाला थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया।**
**02.सुनील पुत्र रामकिशुन निवासी पिपरा मिश्र थाना बांसी जनपद सि नगर।**
**03.पिंकू अग्रहरी पुत्र कृष्णदेव निवासी टेकधर नगर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.समीर पाण्डेय पुत्र स्व0 जगदम्बा पाण्डेय निवासी गोनहाताल थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर**
**05.धनीराम पुत्र हसनू निवासी गोहर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**
**06.राजेन्द्र हरिजन पुत्र ज्ञानदास हरिजन निवासी खरिकाखास पाण्डेय थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 राम प्रताप सिंह, रामाज्ञा प्रसाद, स्वामीनाथ भास्कर, विजय प्रकाश, दिक्षित थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.मु0आ0 धर्मेन्द्र कुमार, सुनील दुबे, थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.आ0 आशुतोष यादव, राजदेव चौहान थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना बांसी पुलिस बलात्संग के एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस द्वारा आज दिनांक 22.05.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 75/2025 धारा 69, 351(3) बी0एन0एस0 से संबन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को रतनसेन डिग्री कॉलेज के सामने बांसी इटवा मार्ग से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-**

01.सुनील निषाद पुत्र अर्जुन निषाद निवासी सुभाषनगर (बेलबनवा) थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 शम्स जावेद खान थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 पन्नेलाल गुप्ता थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.का0 पवन कुमार थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा 04 नफर वारंटीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व सुजीत राय क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन व विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में आज दिनांक 22.05.2025 को थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा वाद संख्या 369/16 धारा 325, 323, 504, 506 भा0द0वि0 से संबंधित वारण्टीगण भगवानदीन व संतोष, वाद संख्या 118/21 धारा 128 सीआरपीसी से संबंधित वारंटी प्रभु दयाल तथा वाद संख्या 42/2013 धारा 363, 366, 376 भा0द0वि0 व पॉक्सो एक्ट से संबंधित मुबारक अली वारंटी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वारंटीगण का विवरण-**

**01.प्रभु दयाल पुत्र रामदास ग्राम लुचुईया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.भगवानदीन पुत्र सहती उर्फ रामचंद्र निवासी महादेवानानकर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.संतोष पुत्र भगवानदीन निवासी महादेवानानकर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.मुबारक अली पुत्र कायर उर्फ भूवर ग्राम जोगीबारी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 राम शंकर पांडेय, सत्येंद्र कुमार थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.मु0आ0 मदन राय, दिनेश यादव थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.आ0 प्रभाकर यादव, मुकेश यादव थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆गोरखपुर जोन की 73वीं अन्तर जनपदीय हॉकी (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2025 जो दिनांक 21.05.2025 से पुलिस लाइन परिसर सिद्धार्थनगर में चल रहा है, जिसमें 09 जनपद की पुलिस टीमों ने भाग लिया। आज दिनांक 22.05.2025 को पुरुष वर्ग व महिला वर्ग के विजेता निम्नवत है-**

आज दिनांक 22.05.2025 को गोरखपुर जोन गोरखपुर की 73 वी अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी महिला/ पुरुष प्रतियोगिता 2025 के अन्तर्गत निम्नलिखित मैच संपन्न हुए- प्रथम मैच महिला वर्ग जनपद बस्ती व जनपद कुशीनगर के बीच खेला गया जिसमें बस्ती 1-0 से विजेता रही जनपद बस्ती से म0आ0 खुशबू ने 1 गोल किया। द्वितीय मैच महिला वर्ग प्रथम सेमी-फाइनल जनपद देवरिया व जनपद बहराइच के मध्य खेला गया जिसमें जनपद देवरिया 3-0 से विजेता रही देवरिया से म0आ0 कविता चतुर्वेदी ने 2 व म0आ0 प्रिया यादव ने 1 गोल किया। तृतीय मैच महिला वर्ग द्वितीय सेमीफाइनल जनपद गोण्डा व जनपद बस्ती के बीच खेला गया जिसमें जनपद बस्ती 1-0 से विजेता रही बस्ती से म0आ0 अंकिता मल्ल ने 1 गोल किया।

चतुर्थ मैच पुरुष वर्ग क्वार्टर फाइनल देवरिया व कुशीनगर के बीच खेला गया जिसमें जनपद देवरिया 3-0 से विजेता रही देवरिया से मुख्य आरक्षी रामू प्रसाद ने 2 व आ0 कामरान अली ने 1 गोल किया। पांचवां मैच पुरुष वर्ग क्वार्टर फाइनल जनपद बहराइच व महराजगंज के बीच खेला गया जिसमें जनपद बहराइच 1-0 से विजेता रही बहराइच से मुख्य आरक्षी रितेश गुप्ता ने 1 गोल किया। छठवां मैच पुरुष वर्ग प्रथम सेमी-फाइनल जनपद सिद्धार्थनगर व जनपद बहराइच के मध्य खेला गया जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर 2-0 से विजेता रही सिद्धार्थनगर से आरक्षी पवन सिंह ने 2 गोल किए। सातवां मैच पुरुष वर्ग द्वितीय सेमी-फाइनल जनपद बस्ती व जनपद देवरिया के बीच खेला गया जिसमें जनपद बस्ती 4-0 से विजेता रही बस्ती से मुख्य आरक्षी साजिद खान ने 3 व मुख्य आरक्षी मिथिलेश यादव ने 1 गोल किया। पूरे प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्राधिकार लाइंस श्री अरूण कांत सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री बीएन गुप्ता, निरीक्षक सूरज नाथ सिंह, पीटीआई रामकरन आरक्षी चंद्रिका श्रीवास्तव व रेफरी आसिफ इकबाल, सचिन चौधरी, आर्यन चौधरी आदि मौजूद रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 22.05.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ मे बाणगंगा बैराज, छतहरा व थानाक्षेत्र सिद्धार्थनगर में पुरानी नौगढ, मधुबेनिया, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।**

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

**01.म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.आरक्षी श्री प्रकाश चौरसिया एंटी रोमियो स्क्वायड टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 22.05.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में चेकिंग/पैदल गश्त कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 22.05.2025 को समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु रूट मार्च व चेकिंग किया गया तथा अपने-अपने सर्किल/ थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पाट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की गहनता से चेकिंग/पैदल गश्त तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**